भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 5376**

जिसका उत्तर 03.04.2025 को दिया जाना है

**मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क**

5376. श्री बसवराज बोम्मई:

श्री अनुराग सिंह ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में बड़ी संख्या में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) विकसित किए हैं/विकसित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है और प्रत्येक पार्क को विकसित करने की अनुमानित लागत क्या है;

(ग) प्रत्येक एमएमएलपी में संभलाई के लिए संभावित कार्गो की अनुमानित मात्रा कितनी है; और

(घ) देश के लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में एमएमएलपी कितनी सहायता करेंगे तथा व्यवसायों को वैश्विक व्यापार को बढ़ाने में सक्षम बनाएंगे?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर 35 मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी) के निर्माण को मंजूरी दी है।

(ख) सरकार द्वारा विकसित की जा रही पांच मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) में से प्रत्येक की अनुमानित लागत सहित राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) पांच अनुमोदित एमएमएलपी के लिए प्रत्येक में प्रबंधित की जाने वाली अनुमानित कार्गो की मात्रा संबंधी विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) एमएमएलपी की योजना कार्गो एकत्रीकरण/पृथककरण के लिए मल्टी-मॉडल संपर्कता को एकीकृत करने, आधुनिक लॉजिस्टिक सुविधाएं प्रदान करने, लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाने और समग्र लॉजिस्टिक लागत को कम करने के उद्देश्य से बनाई गई है।

**अनुबंध I**

**"मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क"** के संबंध में श्री बसवराज बोम्मई और श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा पूछे गए दिनांक 03.04.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5376 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **एमएमएलपी का स्थान** | **परियोजना की अनुमानित लागत** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तमिलनाडु | चेन्नई | **रियायतग्राही का लागत** | **प्राधिकरण का लागत** | **कुल लागत (प्राधिकरण +रियायतग्राही)** |
| | | | 782.58 करोड़ रु. | 640.92 करोड़ रु. | 1423.50 करोड़ रु. |
| 2 | कर्नाटक | बेंगलुरु | **रियायतग्राही का लागत** | **प्राधिकरण का लागत** | **कुल लागत (प्राधिकरण +रियायतग्राही) करोड़ रु. में** |
| | | | 935.90 करोड़ रु. | 833.80 रु. | 1769.70 करोड़ रु. |
| 3 | मध्य प्रदेश | इंदौर | **रियायतग्राही का लागत** | **प्राधिकरण का लागत** | **कुल लागत (प्राधिकरण +रियायतग्राही) करोड़ रु. में** |
| | | | 758.10 रु. | 352.59 रु. | 1110.69 करोड़ रु. |
| 4 | महाराष्ट्र | नागपुर | **रियायतग्राही का लागत** | **प्राधिकरण का लागत** | **कुल लागत (प्राधिकरण +रियायतग्राही)** |
| | | | 352.97 करोड़ रु. | 320.15 रु. | 673.12 करोड़ रु. |
| 5 | असम | जोगीघोपा | **स्वीकृत राशि** | | |
| | | | 693.97 | | |

**अनुबंध II**

**"मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क"** के संबंध में श्री बसवराज बोम्मई और श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा पूछे गए दिनांक 03.04.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5376 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **राज्य एमएमएलपी का स्थान** | **इन एमएमएलपी में प्रबंधित कार्गो की संभावित मात्रा मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीए)** |
|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | तमिलनाडु, चेन्नई | 7.17 एमएमटीए |
| 2. | कर्नाटक | कर्नाटक, बेंगलुरू | 29.46 एमएमटीए |
| 3. | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश, इंदौर | 12.79 एमएमटीए |
| 4. | महाराष्ट्र | महाराष्ट्र, नागपुर | 11.26 एमएमटीए |
| 5. | असम | असम, जोगीघोपा | 13.32 एमएमटीए |

*****